बिहार सरकार
**आपदा प्रबंधन विभाग**

**।। संकल्प ।।**

**संख्या–2/स्था0–17–26/2008/ 698 /आ0प्र0, पटना–15, दिनांक– 16/3/2010**

**विषयः आपदा प्रबंधन हेतु राज्य आपदा रिस्पौंस फोर्स (SDRF) की एक बटालियन गठित करने एवं बटालियन के लिए विभिन्न पदों की स्वीकृति।**

आपदाओं की दृष्टि से बिहार देश का सर्वाधिक आपदा प्रवण राज्य है। अपनी विशेष भौगोलिक संरचना के कारण बिहार राज्य प्रायः प्रत्येक वर्ष किसी न किसी प्राकृतिक आपदा से आक्रांत होता रहता है। राज्य एवं नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षापात के कारण उत्तर बिहार की नदियों में आनेवाली बाढ़ से न केवल सार्वजनिक एवं निजी सम्पत्ति एवं संसाधनों का भारी नुकसान होता है, बल्कि मानवजीवन एवं पशुधन की क्षति होती है। राज्य के 28 जिले बाढ़ प्रवण हैं। इसी प्रकार भूगर्भीय स्थिति के कारण भी बिहार राज्य की स्थिति भूकम्प के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील है। राज्य के 38 जिलों में से 33 जिले भूकम्प के सर्वाधिक संवेदनशील जोन V, IV एवं III में स्थित हैं, जहॉ भूकम्प का खतरा सदैव बना रहता है। चक्रवात की दृष्टि से भी राज्य के 31 जिले High Damage Zone में आते हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में, खासकर उत्तर बिहार में, आगजनी की घटनाऍ होती रहती हैं। राज्य में प्राकृतिक आपदाएं खासकर बाढ़ और चक्रवात जैसी आपदाएं, आने की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा सेना अथवा राष्ट्रीय आपदा रिस्पांस फोर्स (NDRF) की सेवा (बोट सहित) लेने की आवश्यकता पड़ती है, ताकि जल प्लावित क्षेत्रों में घिरी आबादी को अविलंब सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सके एवं तत्काल राहत सामग्रियॉ उपलब्ध करायी जा सकें।

2. राज्य के किसी भू–भाग में आपदाओं के आने पर बचाव एवं राहत तथा आपदा से कुप्रभावित आवश्यक सेवाओं को शीघ्रातिशीघ्र बहाल करने के दृष्टिकोण से राज्य में एक प्रशिक्षित, साधन सम्पन्न एवं कुशल बल की आवश्यकता है, जो प्राकृतिक आपदाओं के फलस्वरूप उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए निरंतर तैयार रहे एवं आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई कर सके।

3. केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न आपदाओं से निपटने एवं आपदाग्रस्त जनधन की सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय आपदा रिंस्पौंस फोर्स (NDRF) गठित है, जिसमें 8 बटालियनें हैं। NDRF की एक बटालियन में 18 विशेषज्ञता प्राप्त जबावी कार्रवाई टीमें (Specialist Response Team) हैं जिनमें प्रत्येक टीम में 45 कर्मी हैं। इसके अलावा नाभिकीय जैविक एवं रसायनिक (NBC) आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए भी अलग से बटालियन गठित है। NDRF की एक बटालियन में 18 श्रेणी/रैंक के कुल 1158 पद सृजित हैं। इसमें 2/IC का भी एक पद शामिल है।

4. गृह मंत्रालय, भारत सरकार का परामर्श है कि प्रत्येक राज्य में आपदा प्रबंधन हेतु NDRF के पैटर्न पर राज्य आपदा रिस्पौन्स फोर्स (SDRF) की स्थापना की जाए।

5. तदनुसार प्राकृतिक आपदाओं के समय बचाव एवं राहत के लिए त्वरित कार्रवाई करने हेतु राज्य आपदा रिस्पांस बल का गठन नियमानुसार करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है :

(i) SDRF की एक बटालियन में कुल 1157 पद होंगे। पदों एवं उनपर होने वाले स्थापना व्यय की विवरणी अनुलग्नक–I एवं IA पर है।

(ii) SDRF की एक बटालियन में कुल 6 कंपनियाँ होंगी तथा 18 Specialist Response Teams होगी। प्रत्येक Specialist Response Team के लिए आवश्यक पदों की विवरणी अनुलग्नक– II पर है।

(iii) **नियुक्ति प्रक्रियाः**– NDRF के बटालियन के पैटर्न पर SDRF में कुल 18 श्रेणी/रैंक के 1157 पद होंगे। इसके लिए अलग से भर्त्ती नियमावली बनाई जाएगी। बटालियन के विभिन्न पदों पर यथानुसार भारतीय सेना/ नौसेना के सेवा निवृत कमीशन प्राप्त/जुनियर कमीशन प्राप्त/ नन कमीशन प्राप्त अधिकारियों एवं जवानों की नियुक्ति संविदा के आधार पर एकमुश्त वेतन/ मानदेय के आधार पर की जायेगी। इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर बिहार मिलिट्री पुलिस (BMP)/ जिला सशस्त्र पुलिस (DAP)/ बिहार गृह रक्षा वाहिनी (स्पेशल बटालियन)/ केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल (CPMF) के अधिकारियों/ जवानों की सेवा भी ली जा सकेगी। नियुक्ति में तैराकी, गोताखोरी, मोटरबोट चालन में निपुण जवानों को प्राथमिकता दी जायेगी।

जूनियर कमीशन प्राप्त/ नन कमीशन प्राप्त अधिकारियों की नियुक्ति हेतु अधिकतम उम्र सीमा 50 वर्ष एवं कमीशन प्राप्त अधिकारियों की नियुक्ति की अधिकतम उम्र सीमा 55 वर्ष होगी। जवानों की नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्ष होगी। सभी कर्मियों को 3 (तीन) वर्षों के लिए नियुक्त किया जायेगा तथा उनकी कार्यदक्षता एवं आचरण के आधार पर अगले 2 (दो) वर्षों तक सेवा विस्तार दिया जा सकेगा।

(iv) SDRF की बटालियन के लिए कुल सृजित 1157 पदों मे से ही श्वान–दस्ता (Dog Squad) का गठन किया जायेगा। इसके लिए अनुलग्नक I के क्रमांक 5 पर अंकित चिकित्सा पदाधिकारी के 19 पदों में 1vet तथा क्रमांक 8 पर अंकित अवर निरीक्षक (कार्यपालक) के 75 पदों में 1vet तथा 1Admn. Dog Squad के लिए पद शामिल होंगे।

(v) SDRF में नियुक्त अधिकारियों एवं जवानों को आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा एवं प्रशिक्षण में उपयोग आने वाली उपकरणों का क्रय किया जायेगा।

(vi) आपदा राहत एवं बचाव के समय बेहतर तालमेल के दृष्टिकोण से आवश्यकतानुसार बिहार गृह रक्षा वाहिनी (स्पेशल बटालियन) की प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं उनकी सेवाएँ SDRF द्वारा ली जाएँगी।

6. **आवर्तक व्ययः**– SDRF के एक बटालियन के कुल 18 श्रेणी के 1157 पदों पर संविदा के आधार पर एक मुश्त वेतन/मानदेय पर नियुक्ति करने पर अनुलग्नक III पर दी गयी विवरणी के अनुसार वेतनादि एवं अन्य आर्वत्तक व्यय पर प्रतिवर्ष कुल 22,80,28,000/– (बाईस करोड़ अस्सी लाख अठाईस हजार) रूपये

मात्र के अनुमानित व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इन पदों के अनुमान्य वेतन, महंगाई भत्ता आदि में राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर किये गये पुनरीक्षण की दशा में उसके अनुरूप पुनरीक्षण किया जायेगा, जिसके लिए आपदा प्रबंधन विभाग सक्षम होगा।

7. **अनावर्तक व्ययः**– SDRF के एक बटालियन के गठन पर अनुलग्नक IV के अनुसार कुल 19,12,39,000/– (उन्नीस करोड़ बारह लाख उनतालीस हजार) रूपये मात्र के अनुमानित अनावर्त्तक व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है। अनावर्त्तक व्यय निम्न मदों में आकलित किया गया हैः–

(i) SDRF के कमान्डेन्ट, डिप्टी कमान्डेण्ट तथा सहायक कमान्डेण्टों के उपयोग एवं बटालियन की 6 कंपनियों के लिए अनुमान्य वाहनों का क्रय किया जायेगा, जिसपर 5% वाहन अनुरक्षण पर व्यय सहित कुल 5,76,86,000/–(पांच करोड़ छिहत्तर लाख छियासी हजार) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(ii) बटालियन को संचार उपकरण से सुसज्जित करने पर कुल 41,00,000/– (एकतालीस लाख) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(iii) बाढ़–राहत एवं बचाव तथा भूकम्प आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए उपकरणों के कय पर कुल 2,82,03,000/– (दो करोड़ बेरासी लाख तीन हजार) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(iv) अग्निकांड की दशा में राहत एवं बचाव के लिए सभी 6 कंपनियों के लिए आवश्यक अग्निशमन यंत्रों के क्रय पर कुल 15,00,000/– (पन्द्रह लाख) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(v) SDRF की टीमों/टुकड़ियों के अस्थायी निवास के लिए टेन्ट तथा मेस सामग्रियों के क्रय पर कुल 17,50,000/– (सतरह लाख पचास हजार) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(vi) आपदा प्रभावितों की आपात चिकित्सा हेतु दवा एवं चिकित्सीय उपकरण/सामग्री के कय पर कुल 95,00,000/– (पंचानवे लाख) रूपये मात्र का व्यय आकलित है।

(vii) SDRF मुख्यालय के लिए बियाडा, से पटना (बिहटा) में 25 एकड़ भूमि क्रय की जायेगी। उक्त भूमि के कय पर 8.85 करोड़ (आठ करोड़ पचासी लाख ) रूपये मात्र का व्यय आयेगा।

8. **कुल व्ययः** इस प्रकार SDRF के गठन पर आवर्त्तक एवं अनावर्त्तक व्यय मिलाकर कुल रू0 41,92,67,000/– (इकतालीस करोड़ बानवे लाख सड़सठ हजार) रूपये (गोलांक में)– 41.93 करोड़ रूपये के वार्षिक व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

उपरोक्त व्यय (i) मुख्य शीर्ष "2245–प्राकृतिक विपत्ति के कारण राहत–02–बाढ़–चकवात आदि–112–जनसंख्या का निष्क्रमण–0104– संचार उपकरणों का कय" तथा (ii) मुख्यशीर्ष– "4250– अन्य समाजसेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय–00–800–अन्य व्यय–0101 राज्य आपदा रिस्पॉस फोर्स" मद में उपबंधित

राशि से विकलनीय होगा। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2009–10 में योजना उद्व्यय रू0 1301.80 लाख के अन्तर्गत ही व्यय सीमित रखा जाएगा।

**आदेशः**– आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के असाधारण पत्र में प्रकाशित किया जाय तथा इसकी प्रति संबंधित पदाधिकारियों तथा संबंधित विभागों को दी जाय।

बिहार राज्यपाल के आदेश से
16/3
**(व्यास जी)**
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

ज्ञापांक–2 / स्था0–17–26 / 2008 698 / आ0प्र0 पटना–15, दिनांक– 16/3/2010

प्रतिलिपिः अधीक्षक, बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. अनुरोध है कि इसे राज्य के अगले गजट के असाधारण अंक में मुद्रित कराकर इसकी 100 (एक सौ) प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

16/3
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

ज्ञापांक–2 / स्था0–17–26 / 2008 698 / आ0प्र0 पटना–15, दिनांक– 16/3/2010

प्रतिलिपिः मुख्य सचिव, बिहार, पटना / विकास आयुक्त, बिहार / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग / प्रधान सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय विभाग / पुलिस महानिदेशक–सह–महानिरीक्षक, बिहार, पटना / महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, बिहार गृह रक्षा वाहिनी, पटना / गृह सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/3
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

ज्ञापांक–2 / स्था0–17–26 / 2008 698 / आ0प्र0 पटना–15, दिनांक– 16/3/2010

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री, बिहार / मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग के आप्त सचिव को मंत्री के सूचनार्थ प्रेषित।

16/3
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

ज्ञापांक–2 / स्था0–17–26 / 2008 698 / आ0प्र0 पटना–15, दिनांक– 16/3/2010

प्रतिलिपिः प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / सभी विशेष सचिव / संयुक्त सचिव / उप सचिव / अवर सचिव, आपदा प्रबंधन विभाग / स्थापना शाखा (5 प्रतियों में) / योजना एवं बजट शाखा (5 प्रतियों में) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/3
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

अनुलग्नक I

## राज्य आपदा रिस्पौन्स फोर्स (SDRF) के एक बटालियन की स्थापना हेतु विभिन्न सृजित पदों पर वार्षिक व्यय की विवरणी

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | संविदा के आधार पर एक मुश्त मासिक वेतन की राशि (प्रति ईकाई) (रूपये में) | प्रति ईकाई वार्षिक वेतन की राशि (रूपये में) | कुल संख्या बल के आधार पर वार्षिक वेतन की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | समादेष्टा | 1 | 50000.00 | 600000.00 | 600000.00 |
| 2 | उप समादेष्टा | 4 | 50000.00 | 600000.00 | 2400000.00 |
| 3 | सहायक समादेष्टा (कार्यपालक) | 7 | 30000.00 | 360000.00 | 2520000.00 |
| 4 | सहायक समादेष्टा अथवा कनीय प्रशासी पदाधिकारी | 1 | 30000.00 | 360000.00 | 360000.00 |
| 5 | चिकित्सा पदाधिकारी | 19 | 30000.00 | 360000.00 | 6840000.00 |
| 6 | निरीक्षक (कार्यपालक) | 30 | 25000.00 | 300000.00 | 9000000.00 |
| 7 | निरीक्षक (अनुसचिवीय) | 2 | 25000.00 | 300000.00 | 600000.00 |
| 8 | अवर निरीक्षक (कार्यपालक) | 75 | 25000.00 | 300000.00 | 22500000.00 |
| 9 | संरचना अभियंता/ अवर निरीक्षक | 36 | 25000.00 | 300000.00 | 10800000.00 |
| 10 | अवर निरीक्षक (संचार-रेडियो ऑपरेटर) | 18 | 25000.00 | 300000.00 | 5400000.00 |
| 11 | अवर निरीक्षक (अनुसचिवीय) | 4 | 25000.00 | 300000.00 | 1200000.00 |
| 12 | अवर निरीक्षक/सहायक अवर निरीक्षक (आशुलिपिक) | 5 | 25000.00 | 300000.00 | 1500000.00 |
| 13 | सहायक अवर निरीक्षक/ हेड कौंस्टेबुल (अनुसचिवीय) | 4 | 15000.00 | 180000.00 | 720000.00 |
| 14 | हेड कौंस्टेबुल (ग्राउंड ड्यूटी/रेडियो ऑपरेटर) | 191 | 15000.00 | 180000.00 | 34380000.00 |
| 15 | हेड कौंस्टेबुल (पारामेडिक/ तकनीकी/ विद्युतीय) | 72 | 15000.00 | 180000.00 | 12960000.00 |
| 16 | हेड कौंसटेबुल/ कौंस्टेबुल (वाहन-सह-मोटरबोट चालक) | 86 | 15000.00 | 180000.00 | 15480000.00 |
| 17 | कौंस्टेबुल | 525 | 12000.00 | 144000.00 | 75600000.00 |
| 18 | फालोवर | 77 | 6000.00 | 72000.00 | 5544000.00 |
| | **कुल योग** | **1157** | **4,45,500.00** | **53,46,000.00** | **20,84,04,000.00** |

**(बीस करोड़ चौरासी लाख चार हजार) रूपये मात्र**

16/3/10
(व्यास जी)
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

\\mukul\Pawan kumar\new velanman (06-02-09)

अनुलग्नक IA

| | CO | DC | AC/ E | AC/ JAO | MO | INSP EXE | INSP/ MIN | SI/ EX | SI/Str. Engin. | SI/ Commn | SI/ M | SI/ASI/ ST | ASI/HC M | HC/(GD)/C omn. | HC/CT DVR | CT | FOLL | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **18 Platoon (Search & Rescue Team)** | | | | | 18 | 18 | | 54 | 36 | 18 | | | | 126 | 54 | 450 | 18 | 792 |
| **6 Coys HQrs** | | 2 | 4 | | | 6 | | 6 | | | | | | 24 | 24 | 30 | 48 | 144 |
| **Adm Store** | 1 | 1 | | | | 1 | | | | | | | | 9 | | 13 | 11 | 36 |
| **QM Store** | | 1 | | | | | | 3 | | | | | | 4 | | 4 | | 12 |
| **Pioneer** | | | 1 | | | 1 | | | | | | | | 4 | | 7 | | 13 |
| **Technical Workshop** | | | | | | | | | | | | | | | | 8 | | 8 |
| **Armourer Workshop** | | | | | | | | | | | | | | 1 | | 2 | | 3 |
| **Medical 1 Btn HQ** | | | | | | 1 | | 4 | | | | | | 5 | | 4 | | 14 |
| **Office** | | | | 1 | | | 2 | | | | 4 | 1 | 8 | | | | | 16 |
| **Telecom Dett.** | | | 1 | | | 2 | | 4 | | | | | | 15 | | 4 | | 26 |
| **MT Dett at Bn HQ** | | | 1 | | | 1 | | 2 | | | | | | 1 | 8 | 2 | | 15 |
| **Dog Squad** | | | | | 1 | | | 2 | | | | | | 2 | | 1 | | 6 |
| **Total** | **1** | **4** | **7** | **1** | **· 19** | **30** | **2** | **75** | **36** | **18** | **4** | **1** | **8** | **191** | **86** | **525** | **77** | **1085** |

**SUMMARY OF STRENGTH OF ONE DR BATTALION**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Total** | **=** | **1085** | * Medical Officer (Vet) |
| HC/Paramedics (2x18) | | 36 | ** SI - 1 Vet Plus ! Admn |
| HC/Technician (1x18) | | 18 | |
| HC/Electrician (1x18) | | 18 | |
| **Grand Toral** | **=** | **1157** | |

**Abbreviati** CO-Commandant, 2I/C-2 In-charge, DC-Dy. Commandant, AC/E-Asstt. Commandant/Executive, AC/JAO-Astt. Commandant/Junior Administrative Officer, MO-Medical Officer, INSP/Exe-Inspector/Executive, INSP/Min-Inspector/Ministerial, SI/Exe-Sub-Inspector/Executive, SI/M-Sub-Inspector/Ministerial, SI/ST-Sub-Inspector/Stenographer, ASI/M-Asstt. Sub-Inspector/Ministerial, HC(GD)/Comn.-Head Constable(General Duty)/Communication, HC/DVR-Head Constable/Driver, CT-Constable, Foll-Follower


04/6/13
(व्यास जी)
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

\\mukul\surendra\Annexure I updated

अनुलग्नक II

## CONSTITUTION OF SPECIALISED SEARCH AND RESCUE TEAM

**Total- 45**
Inspector (GD)- 1
Sub- Inspector (GD)-3
SI (Engineers)- 2
SI (Commn.)- 1
Doctor- 1: Paramedics- 2
HC (GD)- 4; HC (Commn.)- 1
Constables: 27
Technician- 1 Electrician-1
Follower- 1




1 HC
2 Support Staff (1 follower/ 1 const.
4 Security (1 HC/ 3 Const. *)

*** 3 Constables will also be trained in basis of paramedics**

(व्यास जी)
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

अनुलग्नक III

**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

**आवर्त्तक व्यय**

SDRF की एक बटालियन के लिए कुल 18 श्रेणी के 1157 पदों पर संविदा के आधार पर एक मुश्त मानदेय पर नियुक्ति पर कुल वार्षिक व्यय का विवरणः—

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | वेतनादि | Rs | 20,84,04,000.00 |
| (ii) | वर्दी @Rs 2700 | Rs | 31,24,000.00 |
| (iii) | कार्यालय—व्यय | Rs | 10,00,000.00 |
| (iv) | ऑपरेशनल एक्सपेंडिचर | Rs | 50,00,000.00 (वायरलेस नेटवर्किंग सहित) |
| (v) | इंधन एवं वाहनादि अनुरक्षण | Rs | 40,00,000.00 |
| (vi) | दूरभाष | Rs | 10,00,000.00 |
| (vii) | यात्रा—व्यय | Rs | 20,00,000.00 |
| (viii) | प्रशिक्षण एवं प्रशिक्षण सामग्री | Rs | 35,00,000.00 |
| | **Total** | **Rs** | **22,80,28,000.00** |

कुल (बाईस करोड़ अस्सी लाख अठाईस हजार) रुपये मात्र

04/6/3
(व्यास जी)
प्रधान सचिव
आपदा प्रबंधन विभाग

अनुलग्नक IV

**बिहार सरकार**
**आपदा प्रबंधन विभाग**

**अनावर्त्तक व्ययः—**

I. बटालियन के 6 कम्पनियों के लिए वाहन क्रय एवं उनके अनुरक्षण पर व्ययः—

| क्रम संख्या | वाहनों के प्रकार | वाहनों की संख्या | वर्त्तमान मूल्य (अनुमानित) Rs | कुल आकलित व्यय Rs |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Light Vehicle (Tata Sumo) | *6 | 4,61,823.00 | 27,70,938.00 |
| 2 | Jeep/Gipsy/ (Tata Sumo) | 36 | 4,61,823.00 | 1,66,25,628.00 |
| 3 | Bus (52 Seater) | 6 | 13,96,715.00 | 83,80,290.00 |
| 4 | 5 Toner Truck | 6 | 15,00,000.00 | 90,00,000.00 |
| 5 | Ambulance | 6 | 7,41,000.00 | 44,46,000.00 |
| 6 | Water Tanker | 6 | 7,50,000.00 | 45,00,000.00 |
| 7 | Medium Vehicle/ Tata 407 (Troop Carrier) | 12 | 7,41,000.00 | 88,92,000.00 |
| 8 | Motor Cycle | 6 | 54,000.00 | 3,24,000.00 |
| **Total** | | **80** | | **Rs 5,49,38,856.00** |
| | 5% Annual Maintenance Cost of the Total Cost of Vehicle | | | **27,46,943.00** |
| | **Grand Total** | | | **5,76,85,799.00** या 5,76,86,000.00 |

- मुख्यालय के 6 पदाधिकारियों के लिए।

II. बटालियन के उपयोग हेतु संचार उपकरणों के क्रय पर व्यय :—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | सेटेलाईट फोन | Rs 11,50,000.00 |
| (ii) | हैन्ड हेल्ड सेट | Rs 1,30,000.00 |
| (iii) | मोबाईल फोन | Rs 5,00,000.00 |
| (iv) | वायरलेस सेट | Rs 18,00,000.00 |
| (v) | कम्प्यूटर प्रणाली | Rs 4,80,000.00 |
| | **Total** | **Rs 40,60,000.00** |
| | 10% Annual Maintenance Cost of the Total Cost of System | **Rs 40,000.00** |
| | **Grand Total** | **Rs 41,00,000.00** |

III. राहत एवं बचाव कार्य में बटालियन के उपयोग के लिए उपकरणों का क्रयः–

| | | कुल आकलित राशि |
|---|---|---|
| (i) | Inflatable Boat- (36) (With 2 Life Jackets Each) @Rs 5,10,000/- | Rs 1,83,60,000.00 |
| (ii) | Life Buoy | Rs 5,00,000.00 |
| (iii) | Earth Mover (JCB) (1) | Rs 30,00,000.00 |
| (iv) | Crane - (1) | Rs 50,00,000.00 |
| | **Total** | **Rs 2,68,60,000.00** |
| | **Annual Maintenance Cost @ 5% of the Total Cost** | **Rs. 13,43,000.00** |
| | **Grand Total** | **Rs. 2,82,03,000.00** |

IV. आगजनी के नियंत्रण हेतु बटालियन के 6 कम्पनियों के उपयोग के लिए अग्निशमन यंत्रों के क्रय पर व्ययः–

(i) अग्निशमन यंत्र– (6 अदद) **Rs 15,00,000.00**

V. बटालियन की टुकड़ियों के अस्थायी निवास हेतु टेन्ट एवं मेस सामग्रियों के क्रय पर व्ययः–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | टेन्ट | Rs 15,00,000.00 |
| (ii) | मेस सामग्री | Rs 2,50,000.00 |
| | **Total** | **Rs 17,50,000.00** |

VI. बटालियन के कुल 19 चिकित्सा पदाधिकारियों के उपयोग हेतु चिकित्सीय सामग्री के क्रय पर व्ययः–

दवा एवं चिकित्सीय उपकरण/ सामग्री :– 19X @ Rs. 500000.00 = 9500000.00

VII. SDRF के बटालियन मुख्यालय हेतु बियाडा, पटना से बिहटा (पटना) में 25 एकड़ भूमि के क्रय पर व्ययः–

भूमि क्रय Rs. 8,85,00,000.00

क्रमांक (i) से (vii) तक का कुल योगः– Rs. 19,12,39,000.00

कुल उन्नीस करोड़ बारह लाख उनचालीस हजार रूपये मात्र

16/3

(व्यास जी)

प्रधान सचिव

आपदा प्रबंधन विभाग

अनुलग्नक- V संलग्न

दिनांक 06.01.2010 को 12.00 बजे मध्याह्न में आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित प्रस्ताव पर आयोजित प्राधिकृत समिति की बैठक की कार्यवाही।

1. योजना का नाम : आपदा प्रबंधन हेतु राज्य आपदा रिस्पौंस फोर्स की एक बटालियन गठित करने एवं बटालियन के लिए विभिन्न पदों की स्वीकृति।

2. संचिका संख्या : 2/स्था0-17-26/2008

3. संलेख का ज्ञापांक एवं तिथि : ज्ञापांक-3988/आ0प्र0 दिनांक -23.12.2009

4. बजट शीर्ष/ उप शीर्ष/ एवं निधि की उपलब्धता :

| मुख्य शीर्ष/ लघु शीर्ष/ उप मुख्य शीर्ष | ईकाई (लाख रूपये में) |
|---|---|
| 1. मुख्यशीर्ष-2245-प्राकृतिक विपति के कारण राहत<br>उपमुख्यशीर्ष- 02-बाढ़ चक्रवात आदि<br>लघुशीर्ष- 112- जनसंख्या का निष्क्रमण<br>उपशीर्ष- 0104- संचार उपकरणों का क्रय | 1615.00 |
| 2. मुख्यशीर्ष-4250-अन्य समाज सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय<br>उपमुख्यशीर्ष- 00<br>लघुशीर्ष- 800- अन्य व्यय<br>उपशीर्ष- 0101- राज्य आपदा रिस्पॉन्स फोर्स | 885.00 |

पूर्व में मुख्यशीर्ष- 2245- प्राकृतिक विपति के कारण राहत- उपमुख्यशीर्ष- 02- बाढ़ चक्रवात आदि- लघुशीर्ष- 112- जनसंख्या का निष्क्रमण- उपशीर्ष- 0104- संचार उपकरणों का क्रय के विभिन्न प्राथमिक इकाईयों में प्रावधानित कुल 25.00 करोड़ रूपये में से 1301.80 लाख रूपये एस0डी0आर0एफ0 मद में व्यय के लिए योजना एवं विकास विभाग द्वारा संसूचित की गई थी। वित विभाग की सहमति से एस0डी0आर0एफ0 के मुख्यालय भवन स्थापित करने हेतु 25.00 एकड़ भूमि के क्रय के लिए लागत खर्च 885.00 लाख रूपये के उपबंध के लिए कुल 25.00 करोड़ रूपये में से 8.85 करोड़ रूपये प्रत्यर्पित कर इसे नये उपशीर्ष के अंतर्गत प्रावधानित किया गया।

चालू वित्तीय वर्ष 2009-10 में बटालियन गठन हेतु योजना उद्व्यय एवं बजट प्रावधान 1301.80 लाख रूपये का है। इसलिए चालू वित्तीय वर्ष में योजना पर व्यय बजट एवं योजना उद्व्यय के अंतर्गत हीं सीमित रहेगा।

6. प्रस्ताव पर चर्चा : प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया।

7. समिति द्वारा लिया गया निर्णय : राज्य आपदा रिस्पौंस फोर्स की एक बटालियन का गठन एवं बटालियन के लिए 18 श्रेणी के कुल 1157 सृजित पदों पर आवर्तक व्यय के रूप

-123-

में कुल 2437.78 लाख रूपये मात्र का व्यय आयेगा तथा बटालियन के लिए आवश्यक 1. टेन्ट/ मेस सामग्री 2. संचार उपकरण 3. वाहन 4. मोटर वोट/ क्रेन/ अर्थ मुवर 5. अग्निशमन यंत्र 6. दवा एवं चिकित्सीय उपकरण के क्रय एवं मुख्यालय भवन स्थापित करने हेतु कुल 25.00 एकड़ भूमि के क्रय पर 8.85 करोड़ सहित 1912.39 लाख रूपये अनावर्तक व्यय मिलाकर वार्षिक व्यय कुल 4350.17 लाख (43.50 करोड रू0 मात्र) का स्वीकृति का प्रस्ताव है। बटालियन में सृजित किये जाने वाले विभिन्न पदों को यथानुसार संविदा के आधार पर भारतीय सेना/ नौसेना के सेवा निवृत कमिशन प्राप्त अधिकारियों/ जूनियर कमिशन प्राप्त अधिकारियों/ नन कमिशन प्राप्त अधिकारियों एवं जवानों तथा प्रतिनियुक्ति के आधार पर बिहार मिलिट्री पुलिस/ केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल के सेवारत अधिकारियों/ जवानों की सेवा ली जाएगी। नियुक्ति में तैराकी, गोताखोरी, मोटरबोट चालन में निपुण जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। चालू वितीय वर्ष 2009-10 में बटालियन गठन हेतु योजना उद्व्यय एवं बजट प्रावधान 1301.80 लाख रूपये का है। इसलिए चालू वितीय वर्ष में योजना पर व्यय बजट एवं योजना उद्व्यय के अंतर्गत हीं सीमित रहेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (व्यास जी) | (रामेश्वर सिंह) | (मिहिर कुमार सिंह) | (नवीन कुमार) |
| प्रधान सचिव | प्रधान सचिव | सचिव (व्यय) | विकास आयुक्त |
| आपदा प्रबंधन विभाग, | योजना एवं विकास विभाग, | वित्त विभाग, | बिहार, पटना |
| बिहार, पटना | बिहार, पटना | बिहार, पटना | |